नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# विश्व नर्स दिवस पर भादरा मे नंर्सिंग स्टाफ का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

Publisher

Published on 13 May 2025




## विश्व नर्स दिवस 2025: भादरा मे नंर्सिंग स्टाफ का भव्य सम्मान समारोह, समाजसेवा के कार्यों की सराहना।

सवांदाता,भादरा,हनुमानगढ़,(रा
जस्थान)

**भादरा,(हनुमानगढ़):** **विश्व नर्स दिवस** के शुभ अवसर पर **भादरा** कस्बे की **विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा समिति** द्वारा एक **गरिमामयी कार्यक्रम** का आयोजन किया गया, जिसमें **नर्सिंग स्टाफ के समर्पण, सेवा भावना** और **मानवीय मूल्यों** को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता **डॉ. महावीर जाखड़** ने की, जिन्होंने सभी नर्सिंग कर्मियों और स्वास्थ्य सेवकों को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में **भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री.अनूप सिंह शेखावत** तथा **नगर मंडल मंत्री श्री. गिरधारीलाल सैनी** उपस्थित रहे। दोनों ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और नर्सिंग स्टाफ का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

**श्री.अनूप सिंह शेखावत** ने अपने उद्बोधन में कहा, "नर्सें हमारे स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ हैं। उनका निस्वार्थ सेवाभाव, मरीजों के प्रति सहानुभूति और पेशेवर दक्षता समाज के स्वास्थ्य और कल्याण की आधारशिला है।" उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

इस सम्मान समारोह में विवेकानंद सेवा समिति का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिसमें प्रमुख रूप से **संदीप वर्मा, अनिल, शालू**

**जी, अनीता, सूर्य स्वामी, डॉ. मनोज थोरी, रवींद्र, मिल, जयदीप, मुकेश सैनी, सुनील, नेहा, रेनू, अमित, विनोद, पंकज, इमरती, दिव्या, अनिल, अकरम, शंकर, प्रदीप, ललित** और **मानसी चौहान** आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए और यह संकल्प लिया कि वे सेवा और मानवता की भावना से प्रेरित होकर समाज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करते रहेंगे।

कार्यक्रम का समापन **राष्ट्रगान** और **सामूहिक धन्यवाद** ज्ञापन के साथ किया गया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.